वार्षिक प्रतिवेदन

(वर्ष 2020-21)

युवा शक्ति समिति, इंदौर

'युवा शक्ति समिति' इंदौर समाज कार्य एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्य रही है. समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 में निम्न कार्य किये गए-

1. <u>चमड़े के खिलौने निर्माण का प्रशिक्षण</u>

गरीब और असहाय महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य 'युवा शक्ति समिति' द्वारा इंदौर में 3 माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें 30 महिलाओं को चमड़े के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में खिलौने के निर्माण के साथ ही उसकी पैकिंग, विक्रय व स्वरोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया.

2. <u>खेलकूद कार्यक्रम</u>

बच्चों एवं युवाओं में खेल भावना विकसित करने व उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'युवा शक्ति समिति' द्वारा खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को शतरंज, कैरम, लूडो, कबड्डी व बेसबॉल जैसे खेल खिलाए गए और खेल कूद का महत्व समझाया गया. सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रमाण पत्र व उपहार वितरित किये गए.

3. <u>वृक्षारोपण कार्यक्रम</u>

'युवा शक्ति समिति' द्वारा पर्यावरण की रक्षा का सन्देश देने एवं समुदाय को पर्यावरण को सुरक्षित बनाये रखने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों सहित युवा महिला-पुरुषों द्वारा भागीदारी की गयी. वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कीम नं. 78 के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 100 फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाये गए.

4. <u>राष्ट्रीय पर्व एवं महापुरुषों की जयंती</u>

'युवा शक्ति समिति' द्वारा अपने उद्देश्यों को सार्थक करते हुए जन समुदाय में देशभक्ति व भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्वो एवं महापुरुषों की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है. इस वर्ष भी समिति द्वारा गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा वंदन कर तिरंगा यात्रा निकाली गयी.

महापुरुषों के जन्मदिवस गाँधी जयंती, आंबेडकर जयंती, स्वामी विवेकानंद जयंती आदि अवसर पर महपुरुषों का जीवन परिचय, संवाद, परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.